सतना | शुक्रवार | 5 दिसंबर 2025 | वर्ष 27 | अंक 093 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



5 यूपी में बेरोजगारी रिकॉर्ड स्तर पर घटी


6 संचार साथी अब बाध्यकारी नहीं


7 भारत की विकास दर 7.4 प्रतिशत


8 आशीष लिमाये ने जीता गोल्ड


## एक नजर में



### मस्जिद बनाने पर अड़े टीएमसी विधायक सस्पेंड

**मुर्शिदाबाद.** तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद बनाने पर अड़े विधायक हुमायूं कबीर को पार्टी से निलंबित कर दिया है. टीएमसी विधायक ने 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद की नींव डालने की घोषणा की थी. हुमायूं कबीर को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की नाराजगी भी बताई जा रही है. उन्होंने दावा किया था कि जब वे बाबरी मस्जिद की बुनियाद रखेंगे, तो सीएम ममता बनर्जी और टीएमसी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे. हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने उनके इस पूरे अभियान से दूरी बना ली थी. पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना था कि हुमायूं कबीर आगामी चुनाव में टिकट पाने के लिए दबाव की रणनीति अपनाते हुए ऐसा कदम उठा रहे थे, लेकिन उनका यह प्रयास उल्टा पड़ गया.

### बिहार और हरियाणा में 22 ठिकानों पर छापामारी

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली ब्लास्ट केस से जुड़े एक बड़े आतंकी साजिश के खुलासे में दिल्ली, बिहार और हरियाणा के 22 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है. यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश से बिहार के अलग-अलग हिस्सों में गैर-कानूनी हथियारों की तस्करी से जुड़ा है. एनआईए गुरुवार को उत्तर प्रदेश से बिहार के अलग-अलग हिस्सों में हथियारों की गैर-कानूनी तस्करी से जुड़े एक मामले की जांच के तहत कई राज्यों में तलाशी ले रही थी. अधिकारियों ने बताया कि ये तलाशी उत्तर प्रदेश से बिहार के अलग-अलग हिस्सों में गैर-कानूनी हथियारों की तस्करी की जांच का हिस्सा है.

# भोपाल में डल झील का आनंद

## प्रदेश में जल-पर्यटन का केंद्र बनेगी शिकारा सेवा : मुख्यमंत्री



**भोपाल, 04 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक बड़े तालाब के बोट क्लब पर 20 नवीन शिकारा नाव सेवा का शुभारंभ किया. इस अवसर पर सीएम ने कहा कि 20 शिकारों के माध्यम से पर्यटकों को कश्मीर की प्रसिद्ध डल झील का आनंद भोपाल में ही मिल जाएगा। शिकारों में पर्यटकों के लिए खान-पान एवं आरामदायक बैठक व्यवस्था की गई है।**

ये शिकारे प्रदेश के जल-पर्यटन (वॉटर टूरिज्म) को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलवाएंगे। प्रदेशवासी पर्यटन सेवा का लाभ उठाने के लिए आगे आएं। एम.पी. टूरिज्म, वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों को भी आगे बढ़ा रहा है। शिकारा सेवा का आनंद उठाते हुए पर्यटक स्वदेशी उत्पादों की खरीद भी कर पाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिकारों को फ्लेगऑफ करने के बाद बड़े तालाब में शिकारे की सैर का आनंद लिया और उपलब्ध सुविधाओं की सराहना की।

इसी के साथ मुख्यमंत्री ने शिकारा बोट रेस्टोरेंट से चाय, पोहा, समोसे एवं फलों का जायका लिया। साथ ही फ्लोटिंग बोट मार्केट से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की पारंपरिक कला बाघ और वस्त्रों, जैविक उत्पादों आदि की खरीदारी भी की। मुख्यमंत्री ने बोट क्लब पर मौजूद छात्र-छात्राओं के साथ सेल्फी ली और अतिथियों के साथ टेलीस्कोप से सूर्य के दर्शन किए। टेलीस्कोप की बोट क्लब पर व्यवस्था वैज्ञानिक पर्यटन को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आंचलिक विज्ञान केंद्र भोपाल द्वारा की गई थी। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, विधायक एवं अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

### कूनों को मिल रही अंतर्राष्ट्रीय पहचान : सीएम डॉ. मोहन

पेज 2 पर देखें

# रूस के राष्ट्रपति का ग्रैंड वेलकम

- पीएम ने गले मिलकर किया पुतिन का स्वागत
- पुतिन को आज दिया जाएगा गार्ड ऑफ ऑनर



**नई दिल्ली, 04 दिसंबर (वार्ता) रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिन की भारत यात्रा पर गुरुवार शाम यहां पहुंचे. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परंपरा से हटकर पुतिन की अगवानी के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे। उन्होंने गर्मजोशी से पुतिन का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने पहले हाथ मिलाया और फिर गले मिले।**

हवाई अड्डे से दोनों नेता एक ही कार में प्रधानमंत्री आवास के लिए रवाना हुए। इस मौके पर हवाई अड्डे पर ही रूसी राष्ट्रपति के स्वागत के लिए नृत्य का आयोजन किया गया था। पुतिन का शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। वहां से वह सीधे राजघाट जाएंगे और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसी के साथ राष्ट्रपिता भवन में पुतिन को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा. रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा चार वर्ष के अंतराल पर हो रही है।

# श्योपुर में किसान से 5 लाख की लूट

**श्योपुर, 04 दिसंबर. सीएम के दौरे के मद्देनजर एक ओर जिले में खास सतर्कता बरती जा रही थी वहीं जिले के देहात थाना क्षेत्र के सेमल्दा हवेली रोड पर एक किसान से बड़ी लूट की वारदात हो गई. बाइक सवार तीन बदमाशों ने जानपुरा निवासी किसान जनरेल सिंह से 5 लाख रुपए और मोबाइल फोन छीन लिया.**

बदमाशों ने वारदात को अंजाम देने से पहले किसान की आंखों में पाउडर झोंक दिया, जिससे वह कुछ देर के लिए देख नहीं पाया. किसान जनरेल सिंह आईडीबीआई बैंक से 5 लाख रुपए निकालकर अपने गांव जानपुरा लौट रहे थे. सेमल्दा हवेली रोड पर पहुंचते ही, पीछे से आए तीन अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें रोक लिया. किसान कुछ समझ पाता, इससे पहले ही एक युवक ने उनकी आंखों में पाउडर फेंक दिया, वहीं दूसरा उनके हाथ से रुपयों से भरा बैग और मोबाइल छीन लिया. तीसरा युवक बाइक पर ही बैठा था. तीनों बदमाश तुरंत मौके से तेज रफ्तार में फरार हो गए.

### आंखों में झोंका मिर्च पावडर

पीड़ित जनरेल सिंह की आंखों में झोंके गए मिर्च पावडर को पानी डालकर अपनी आंखें साफ कीं और राहगीरों की मदद से पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के रास्तों पर नाकाबंदी कराई, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं मिल पाया. पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके.

# 400 उड़ानें रद्द होने से यात्रियों में हड़कंप



**नई दिल्ली, 04 दिसंबर (वार्ता) निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने देरी की समस्या से निजात पाने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की अनुमति से शुरू की गई अपनी पहल के तहत गुरुवार को करीब 400 उड़ानें रद्द कीं.**

दिल्ली एयरपोर्ट की बेवसाइट पर प्राप्त जानकारी के अनुसार, अकेले दिल्ली में आज उसकी 100 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं. बेंगलुरु एयरपोर्ट पर भी करीब 100 उड़ानें रद्द हुई हैं. मुबंई में भी 70 से अधिक उड़ानों के रद्द होने की सूचना है. सूत्रों ने बताया कि पूरे देश भर में 400 के करीब उड़ानें रद्द की गयी हैं. हालांकि कंपनी की तरफ से कोई संख्या नहीं बताई गई है. उड़ानें रद्द होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. कंपनी ने अपने अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर परिचालन को प्रभावित नहीं होने दिया है, और घरेलू मार्गों पर उड़ानें रद्द की है. शुक्रवार को भी यही स्थिति जारी रहने की संभावना है.

इंडिगो ने बुधवार शाम बताया था कि विभिन्न कारणों से उसकी उड़ानों में आ रहे व्यवधान से निजात पाने के लिए शेड्यूल में नियंत्रित बदलाव किए जा रहे हैं, जो अगले 48 घंटे तक जारी रहेंगे. इस कारण बुधवार को भी उसकी करीब 100 उड़ानें रद्द रही थीं.

# विपक्षी सांसदों का प्रदूषण को लेकर प्रदर्शन

**सोनिया गांधी बोली- कैसे लें सांस**

**सरकार से प्रदूषण पर चर्चा कराने की मांग**




**नई दिल्ली, 04 दिसंबर (वार्ता) दिल्ली में लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण के संकट को लेकर इंडिया गठबंधन के सांसदों ने गुरुवार को संसद भवन परिसर के मकर द्वार के सामने प्रदर्शन किया और सरकार से इस पर चर्चा कराने की मांग की.**

प्रदर्शन में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी वाड्रा, द्रमुक केटी आर बालू, राष्ट्रवादी कांग्रेस की सुप्रिया सुले सहित कई सांसदों ने हिस्सा लिया. सांसद हाथों में बैनर तथा तख्तियां लेकर आए थे और मौसम का मजा लें का बैनर हाथों में था. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ दिनों पहले कहा था मौसम का मजा लीजिए.

## बीएलओ की अब समस्याएं होंगी दूर

**नई दिल्ली, 04 दिसंबर.** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को विभिन्न राज्यों में एसआईआर में लगे बीएलओ के सामने आने वाली समस्याओं को दूर करने कई निर्देश जारी किए. पीठ ने संबंधित राज्यों को अतिरिक्त कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति करने का आदेश दिया, जिससे एसआईआर में लगे कर्मचारियों के काम के घंटे कम किए जा सकें. बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि इसके अलावा, यदि वे विशिष्ट कारणों का हवाला देते हुए काम से छूट चाहते हैं, तो इस पर मामले के आधार पर विचार किया जाना चाहिए.

## ट्रम्प ने 19 देशों के लोगों की नागरिकता प्रक्रिया रोकी

**वॉशिंगटन, 04 दिसंबर.** अमेरिका में हुई फायरिंग में वेस्ट वर्जीनिया नेशनल गार्ड की सदस्य सारा बेकस्ट्रोम की मौत के बाद अमेरिका ने अफगानिस्तानी प्रवासियों की माइग्रेशन प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अफगानिस्तान और 18 दूसरे देशों के ग्रीन कार्ड होल्डर्स की कड़ी जांच का आदेश दिया. दरअसल, फायरिंग की घटना व्हाइट हाउस से कुछ ही ब्लॉक दूर हुई थी, जब एक बंदूकधारी ने सड़कों पर गश्त कर रहे सैनिकों पर गोलियां चला दीं. आरोपी की पहचान रहमानुल्लाह लकनवाल के रूप में हुई, जो अफगानिस्तान से अमेरिका में दाखिल हुआ था.

**सुनवाई** 2009 की पीड़िता बोली 16 साल बाद भी ट्रायल अधूरा

# न्याय व्यवस्था का मजाक शर्मनाक : सीजेआई

**नई दिल्ली, 4 दिसंबर. सुप्रीम कोर्ट ने एसिड अटैक पीड़ितों से जुड़े मामलों की धीमी सुनवाई पर कड़ी नाराजगी जताई और इसे न्याय व्यवस्था के लिए बेहद शर्मनाक स्थिति बताया.**



मामला तब भावनात्मक हो उठा, जब 2009 में एसिड अटैक का शिकार हुई पीड़िता व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश हुई और कहा कि 16 साल बीत जाने के बाद भी उनका ट्रायल पूरा नहीं हुआ है. उनकी बात सुनकर मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्य कांत का धैर्य टूट गया. उन्होंने कहा—ये न्याय व्यवस्था का कितना बड़ा मजाक है? अगर राष्ट्रीय राजधानी भी ऐसे मामलों को नहीं निपटा पा रही, तो और कौन करेगा? पीड़िता ने अदालत को बताया कि वर्षों तक उनकी फाइल बंद पड़ी रही, लेकिन जिला जज डॉ. परमिंदर कौर ने उसे फिर खोला तब जाकर उम्मीद जगी. उन्होंने यह भी कहा कि कई मामलों में महिलाओं पर एसिड फेंका नहीं जाता, बल्कि उन्हें पीने के लिए मजबूर किया जाता है, जिससे वे जिंदगीभर कृत्रिम फीडिंग ट्यूब पर निर्भर हो जाती हैं. पीड़िता की पीड़ा सुनने के बाद सीजेआई ने उन्हें जनहित याचिका दायर करने की सलाह दी और आश्वासन दिया कि अदालत इस केस की रोज़ाना सुनवाई सुनिश्चित करेगी. उन्होंने सभी राज्यों और हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल्स को नोटिस जारी कर लंबित एसिड अटैक मामलों की पूरी जानकारी मांगी और स्पष्ट कहा कि ऐसे मामलों की सुनवाई विशेष अदालतों में होनी चाहिए. सॉलिसिटर जनरल ने भी सख्ती दिखाते हुए सुझाव भी दिया.





धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्सभिन्न होते हैं पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए जिम्मेदार होगा.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा प्रोटेक्शन प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यावर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रभारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.